राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी
National Testing Agency
Excellence in Assessment
सत्यमेव जयते
(उच्चत्तर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के तहत एक स्वायत्त संगठन)
(An Autonomous Organization under the Department of Higher Education, Ministry of Education, Government of India)

# सार्वजनिक सूचना
**15 दिसम्बर 2022**

**विषय: संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मुख्य) – 2023 सत्र 1 (जनवरी 2023) के लिए ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित करने के सम्बन्ध में ...**

उच्चतर शिक्षा विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार ने 2019 से राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी को संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई मुख्य) आयोजित करने का कार्यभार सौंपा है।

संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई (मुख्य) में दो पत्र शामिल हैं। **पत्र 1 (बी.ई./बी.टेक.)** एनआईटी, आईआईआईटी, अन्य केंद्रीय वित्तपोषित तकनीकी संस्थानों (सीएफटीआई) में तथा भाग लेने वाली राज्य सरकारों द्वारा वित्तपोषित/मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय अंडरग्रेजुएट इंजीनियरिंग प्रोग्राम (बी.ई/बी.टेक) में प्रवेश के लिए आयोजित किया जाता है। यह जेईई (एडवांस्ड) के लिए पात्रता परीक्षा भी है, जो आईआईटी में प्रवेश के लिए आयोजित की जाती है। **पत्र 2** देश में **बी. आर्क** और **बी. प्लानिंग** पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित किया जाता है।

शैक्षणिक सत्र 2023-24 के लिए, यह निर्णय लिया गया है कि **जेईई (मुख्य) - 2023 दो सत्रों अर्थात सत्र 1 (जनवरी 2023) और सत्र 2 (अप्रैल 2023)** में आयोजित किया जाएगा। सत्र ) 1जनवरी (2023का विवरण नीचे दिया गया है:

| | |
|---|---|
| **आवेदन पत्र का ऑनलाइन जमा करना** | **15 दिसम्बर 2022 to 12 जनवरी 2023 (रात्रि 09:00 बजे तक)** |
| **क्रेडिट/डेबिट कार्ड/नेट-बैंकिंग/यूपीआई के माध्यम से शुल्क के सफल लेनदेन की अंतिम तिथि** | **12 जनवरी 2023 ( रात्रि 11:50 बजे तक)** |
| **परीक्षा के शहर की घोषणा** | **जनवरी 2023 के द्वितीय सप्ताह में** |
| **NTA वेबसाइट से प्रवेश पत्र डाउनलोड करना** | **जनवरी 2023 के तृतीय सप्ताह में** |
| **परिक्षा की तिथियाँ** | **24, 25, 27, 28, 29, 30 एवं 31 जनवरी 2023** |
| **परीक्षा केंद्र, तिथि एवं पाली** | **जैसा प्रवेश पत्र पर अंकित होगा** |
| **रिकॉर्ड की गई प्रतिक्रियाओं एवं उत्तर कुंजी का प्रदर्शन** | **NTA वेबसाइट पर बाद में घोषित किया जाएगा** |
| **वेबसाइट** | **www.nta.ac.in, https://jeemain.nta.nic.in/** |
| **NTA वेबसाइट पर परिणाम जारी करना** | **NTA वेबसाइट पर बाद में घोषित किया जाएगा** |

जेईई (मुख्य) - 2023 **13** भाषाओं यानी **अंग्रेजी, हिंदी, असमिया, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, ओडिया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु और उर्दू** में आयोजित किया जाएगा।

जेईई (मुख्य) - 2023 के पहले सत्र में, केवल सत्र 1 दिखाई देगा और अभ्यर्थी इसका विकल्प चुन सकते हैं। अगले सत्र में, सत्र 2 दिखाई देगा, और अभ्यर्थी सत्र का विकल्प चुन सकते हैं। सूचना विवरणिका में उपलब्ध विवरण के अनुसार सत्र 2 के लिए आवेदन विंडो फिर से खोली जाएगी और एक सार्वजनिक सूचना के माध्यम से अलग से अधिसूचित की जाएगी।

पत्र, प्रारूप, समय, पात्रता और अन्य जानकारी के लिए, अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे वेबसाइट : https://jeemain.nta.nic.in/पर उपलब्ध जेईई (मुख्य) - 2023 के सूचना विवरणिका में देखें ।

| पत्र | विषय | खण्ड *A* | खण्ड *B* | Mode of the Examination | Timing of the Examination (IST) | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | First Shift | Second Shift |
| पत्र 1 (B.E./B.Tech.) | Mathematics | 20* | 10* | कंप्यूटर आधारित टेस्ट (CBT) | 09:00 A.M. to 12:00 Noon | 03:00 P.M. to 06:00 P.M. |
| | Physics | 20* | 10* | | | |
| | Chemistry | 20* | 10* | | | |
| | Total | 90 | | | | |
| पत्र 2A (B. Arch.) | Mathematics – Part I | 20* | 10* | कंप्यूटर आधारित टेस्ट (CBT) तथा पेन और पेपर (ऑफ़लाइन) -भाग) मोड में ड्राइंग टेस्टIII), Aआकार की ड्राइंग शीट पर 4 किया जाना है | 09:00 A.M. to 12:00 Noon | 03:00 P.M. to 06:00 P.M. |
| | Aptitude Test – Part II | 50 | | | | |
| | Drawing Test – Part III | 02 | | | | |
| | Total | 82 | | | | |
| पत्र 2B (B.Planning) | Mathematics – Part I | 20* | 10* | कंप्यूटर आधारित टेस्ट (CBT) | 03:00 P.M. to 06:00 P.M. | |
| | Aptitude Test – Part II | 50 | | | | |
| | Planning – Part III | 25 | | | | |
| | Total | 105 | | | | |

** पत्र 1 और पत्र 2 के भाग-I के लिए, प्रत्येक विषय के दो खंड होंगे। खण्ड A बहुविकल्पीय प्रश्नों MCQs) का होगा और खण्ड B में ऐसे प्रश्न होंगे जिनके उत्तर संख्यात्मक मान के रूप में भरे जाने हैं। सेक्शन बी में, उम्मीदवारों को 10 में से किसी भी 05 (पांच (प्रश्नों का प्रयास करना होगा।* ***खण्ड ए और खण्ड बी दोनों के लिए नकारात्मक अंकन होगा।***

**महत्वपूर्ण सूचनाएं:**

i. *अभ्यर्थी जेईई (मुख्य) - 2023 के लिए केवल "ऑनलाइन" मोड के माध्यम से वेबसाइट* ***https://jeemain.nta.nic.in/*** *के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। किसी अन्य मोड में आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।*

ii. *एक अभ्यर्थी द्वारा केवल एक आवेदन जमा किया जाना है। किसी भी परिस्थिति में, अभ्यर्थियों को एक से अधिक आवेदन पत्र भरने की अनुमति नहीं दी जाएगी। एक से अधिक आवेदन पत्र भरने वाले अभ्यर्थियों के खिलाफ बाद में भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।*

iii. *अभ्यर्थियों को सूचना विवरणिका और एनटीए की वेबसाइट पर दिए गए निर्देशों का कड़ाई से पालन करना चाहिए। निर्देशों का पालन नहीं करने वाले अभ्यर्थियों को पर अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।*

iv. *अभ्यर्थियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि ऑनलाइन आवेदन पत्र में प्रदान किया गया ई-मेल पता और मोबाइल नंबर उनके स्वयं के या माता-पिता/अभिभावक के हैं क्योंकि सभी जानकारी/संचार एनटीए द्वारा पंजीकृत ई-मेल ई-मेल पते या एसएमएस पर के माध्यम से केवल पंजीकृत मोबाइल नंबर भेजा जाएगा।*

यदि किसी अभ्यर्थी को **जेईई (मुख्य) - 2023 सत्र 1 (जनवरी 2023)** के लिए आवेदन करने में कठिनाई का सामना करना पड़ता है, तो वह **011 - 40759000/011 - 69227700** पर संपर्क कर सकता है या **jeemain@nta.ac.in** पर ई-मेल कर सकता है ।

जेईई (मुख्य) - 2023 से संबंधित और अधिक स्पष्टीकरण के लिए, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नवीनतम जानकारी के लिए एनटीए की आधिकारिक वेबसाइट (**www.nta.ac.in**) और (**https://jeemain.nta.nic.in/**) देखें।

**(डॉ साधना पराशर)**
**वरिष्ठ निदेशक (परीक्षा)**